**बृहस्पतिवार**
01 सितम्बर 2022



**पृष्ठ 4**
**दही और प्याज खाने से होते हैं कई स्वास्थ्य लाभ**



**पृष्ठ 5**
**पंकज त्रिपाठी के साथ काम करना एक्टिंग स्कूल में काम करने जैसा : खुशबू आत्रे**



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 205
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

पराजय से सत्याग्रही को निराशा नहीं होती बल्कि कार्यक्षमता और लगन बढ़ती है।
– महात्मा गांधी

# सिरफिरे आशिक ने की मां बेटी की हत्या, गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। काशीपुर में आज सुबह एक सिरफिरे आशिक ने अपनी प्रेमिका व उसकी मां की धारदार हथियार से हत्या कर दी। जिसके बाद हत्यारा चौकी पहुंचा और घटना की जानकारी पुलिस को दी। दोहरे हत्याकांड की सूचना मिलने पर पुलिस हत्यारे को हिरासत में लेकर घटना स्थल पर पहुंची और दोनो शवों को कब्जे में लिया।

जानकारी के अनुसार ननिया (45)पत्नी रईस अपनी बेटी शिबा (22) के साथ काशीपुर के अलीखां में रहती थी। ननिया का पति और बेटा खाड़ी देश में काम करते हैं। बताया जा रहा है कि आज सुबह करीब पौने 11 बजे अलीखां मोहल्ले का निवासी सलमान धारदार हथियार लेकर ननिया के घर पहुंचा। जहां उसने पहले घर के बाहर ही शिबा की गला रेतकर हत्या कर दी। उसके बाद खून से सना हथियार लेकर वह शिबा के घर में जा घुसा जहां उसने शिबा की मां ननिया का भी गला रेत दिया।

बताया जा रहा है कि इसके बाद सनकी सलमान खून से सना हथियार लेकर बांसफोड़ान चौकी पहुंच गया। जहां उसने मौजूद पुलिसकर्मियों से कहा कि उसने अलीखां क्षेत्र में मां और बेटी की गला रेतकर हत्या कर दी है। इतना सुनते ही चौकी पर हड़कंप मच गया। पुलिस कर्मियों ने आनन-फानन में उसे हिरासत में लिया। जिसके बाद अधिकारी दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

बताया जा रहा है कि सलमान और शिबा का प्रेम प्रसंग चल रहा था। लेकिन बीते कुछ दिनों से दोनों में अनबन थी। सलमान का कहना है कि शिबा ने उसको धोखा दिया है। आज सुबह उसके सिर पर जैसे खून सवार हो गया हो। उसने पहले घर के बाहर सड़क पर ही

◄◄ शेष पृष्ठ 7 पर

# भर्ती घोटालों ने उड़ाई नेताओं की नींद

विशेष संवाददाता

देहरादून। पेपर लीक मामले की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है तथा विधानसभा में हुई बैकडोर भर्तियों का मुद्दा तूल पकड़ रहा है उससे अब नेताओं की नींद हराम होती दिख रही है। कल तक जो नेता बड़ी दबंगई के साथ अपनों को नौकरी देने के फैसले को सही ठहरा रहे थे अब उनके स्वर बदल चुके हैं। उनके द्वारा अब न सिर्फ अपनी गलतियां स्वीकार की जा रही है बल्कि वह प्रदेशवासियों से माफी भी मांग रहे हैं। क्योंकि उन्हें अब अपना राजनीतिक कैरियर खतरे में आता दिख रहा है। प्रदेश भर में जनता के बीच तो उनकी छवि तार-तार हो ही रही है पार्टी के अंदर भी उन्हें खरी-खोटी सुनने को मिल रही है और उनके खिलाफ कार्रवाई होने का खतरा सर पर मंडरा रहा है।

**❑आरोपियों की अवैध संपत्तियां जब्त करने की तैयारी**
**❑नेताओं की हेकड़ी काफुर, अब बदलने लगे स्वर**

विधानसभा में हुई बैक डोर भर्तियों के फेर में सिर्फ पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ही लपेटे में नहीं आ रहे हैं अपितु जिन जिन नेताओं के परिजन और सगे संबंधियों को नौकरियां मिली है वह भी टारगेट पर आ चुके हैं। अब तमाम नेता इस पर सफाईयां दे रहे हैं कि मैंने किसी की सिफारिश नहीं की या मेरा कोई नाते रिश्तेदार नौकरी पर नहीं रखा गया। लेकिन किस-किस ने लाभ लिया इसका खुलासा हो चुका है। विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी का एक्शन क्या होगा? इस पर सभी की नजरें टिकी है और जांच का दबाव भी लगातार बढ़ता जा रहा है। पूर्व स्पीकर गोविंद सिंह कुंजवाल और प्रेमचंद अग्रवाल के स्वरों में अब पहले जैसी तल्खी नहीं दिख रही है उन्हें अपनी गलती का एहसास हो चुका है या फिर चौतरफा हो रही अपनी और पार्टी की किरकिरी से वह कितने डरे सिहरे हैं, यह वही जाने लेकिन सबसे ज्यादा नुकसान उनका ही होता दिख रहा है।

उधर यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले में जो 30 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं उन पर एसटीएफ और ईडी बड़ी कार्रवाई करने जा रही है उनके द्वारा अवैध तरीके से बनाई गई संपत्तियों को जप्त करने की तैयारी हो चुकी है। टीमों

◄◄ शेष पृष्ठ 7 पर


# एनआईए ने दाऊद इब्राहिम पर 25 लाख व छोटा शकील पर 20 लाख का इनाम रखा

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच एजेंसी ने डी कंपनी पर शिकंजा कसते हुए 90 लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम पर 25 लाख रुपये का इनाम रखने की घोषणा की गई है। इसके साथ ही गैंगस्टर छोटा शकील पर भी 20 लाख रुपये का इनाम रखा गया है। एनआईए ने भारत में हथियार, विस्फोटक, ड्रग्स की तस्करी पर रोक लगाने के लिए डी कंपनी पर शिकंजा कसा है। एक ओर दाऊद पर 25 लाख, छोटा शकील पर 20 लाख रुपये का इनाम रखा गया है तो दूसरी ओर गिरोह के तीन अन्य सदस्यों टाइगर मेमन, अनीस इब्राहिम और जावेद चिकना पर 15-15 लाख का इनाम घोषित किया गया है। एनआईए का कहना है कि दाऊद भारत में हथियार, विस्फोटक और ड्रग्स की तस्करी के लिए एक खास यूनिट बना रहा है। इसमें पाकिस्तान की आईएसआई और कुछ आतंकी संगठन उसकी मदद कर रहे हैं। इससे पहले 9 मई को नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी यानी एनआईए ने डी कंपनी पर बड़ा एक्शन लेते हुए मुंबई के 20 ठिकानों पर छापेमारी की थी। ये ठिकाने दाऊद के शार्प शूटर्स, तस्करों, डी-कंपनी के रियल एस्टेट मैनेजर से जुड़े हुए थे। डी कंपनी संयुक्त राष्ट्र द्वारा बैन आतंकी संगठन है। वहीं 1993 में हुए मुंबई धमाकों के आरोपी दाऊद को 2003 में यूएन ने ग्लोबल आतंकी माना था। उस पर 25 मिलियन डॉलर का इनाम भी रखा गया था।

# पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के 7946 नए मामले दर्ज, स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.67 प्रतिशत

नई दिल्ली । भारत में कोविड-19 के 7,946 नए मामले सामने आने से संक्रमण के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 4,44,36,339 हो गयी जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या कम होकर 62,748 रह गयी।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से 37 और मरीजों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर 5,27,911 हो गयी है। मौत के इन मामलों में केरल द्वारा पुनर्मिलान किए गए 12 मामले भी शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार, उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 0.14 प्रतिशत है जबकि कोविड-19



से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 98.67 प्रतिशत हो गयी है। बीते 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 1,919 की कमी दर्ज की गयी है। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को संक्रमण के मामले चार करोड़ के पार हो गए थे।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# बेआबरू हुए नेता

कहा जाता है कि जब पाप का घड़ा भर जाता है तो उसका फूटना तय होता है और जब पाप का घड़ा फूटता है तो पाप के भागीदारों को कहीं मुंह छुपाने की भी जगह नहीं मिलती है। उत्तराखंड राज्य में हुए भर्ती घोटालों का सच अब आम जनता के सामने आ चुका है। राज्य में अब तक जितनी भी भर्तियां हुई है वह चाहे किसी भी विभाग में हुई हो या भर्तियों का कोई भी माध्यम रहा हो कोई भी भर्ती निष्पक्ष नहीं हुई है। राज्य की सत्ता पर काबिज रहने वाली भाजपा और कांग्रेस के नेता इनके लिए समान रूप से जिम्मेदार हैं भले ही वह अपने बचाव में एक दूसरे पर कितने भी आरोप प्रत्यारोप लगाए अथवा इन घोटालों की सीबीआई जांच कराएं या न करायें लेकिन राज्य की जनता के सामने इनका असली चेहरा आ चुका है। कल तक पूर्व स्पीकर गोविंद सिंह कुंजवाल जो कह रहे थे कि हां मैंने अपने बेटे और पुत्रवधू को नौकरी दी तो कौन सा पाप कर दिया अब वह खुद इसे नैतिक आधार पर गलत बताकर प्रदेश की जनता से माफी मांग रहे हैं। ठीक वैसे ही पूर्व स्पीकर प्रेमचंद्र अग्रवाल जो पत्रकारों पर भड़क रहे थे कि इसमें भ्रष्टाचार कहां से आ गया उनकी भी सारी हेकड़ी ढीली पड़ चुकी है उनकी ही पार्टी के शीर्ष नेता और केंद्रीय नेतृत्व के वह निशाने पर आ गए हैं उन्हें भी लगने लगा है कि उनका मंत्री पद ही नहीं सब कुछ दांव पर लग चुका है। जिनके सगे संबंधियों ने बैक डोर से नौकरियां पाई और जिन्होंने नौकरियों की रेवड़ियां बांटी वह अब मुंह छुपाते फिर रहे हैं खास बात यह है कि इनकी फेरहिस्त इतनी लंबी है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के लिए अपनी छवि को बचाने की गंभीर चुनौती खड़ी हो गई है। यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले की जांच में जो तथ्य उजागर हुए हैं उसने इस आयोग और अधिकारियों को ही नहीं अपितु पूरे सरकारी सिस्टम को ही कटघरे में खड़ा कर दिया। यह मामला इतना अधिक गंभीर है कि अगर इसकी सीबीआई जांच कराई गई तो सूबे के दर्जनों नेता और अधिकारी तो जेल पहुंच ही सकते हैं राज्य में हुई सभी भर्तियों को भी रद्द किया जा सकता है। स्थिति यह है कि अब वह सभी नेता जो इस भर्ती घोटाले के दायरे से बाहर है वह चाहे भाजपा के हो या कांग्रेस के एक स्वर से इनकी सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। वहीं छात्र संगठनों के नेता व युवा बेरोजगारों ने प्रदेश के युवाओं के साथ की गई इस धोखाधड़ी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। क्योंकि जो छात्र बीते दो दशकों से मेहनत और पढ़ाई करके नौकरी पाना चाहते थे उनके साथ नेताओं, सरकारों और सिस्टम ने बहुत बड़ा खेला किया है इस महापाप के लिए उन्हें कतई भी माफ नहीं किया जा सकता है। भर्ती घोटालों की इस आग में कितने लोगों की बलि चढ़ेगी यह तो समय ही बताएगा लेकिन एक बात तय है कि बिना बली लिए यह मामला अब शांत होने वाला नहीं है।

# भर्ती घोटालों की निषक्ष जांच की मांग को लेकर एबीवीपी का प्रदर्शन

हमारे संवाददाता

देहरादून। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर देहरादून के कार्यकर्ताओं ने आज डीएवी चौक पर यूकेएसएसएससी व विधानसभा भर्ती की निष्पक्ष जांच व दोषियों पर सख्त कार्यवाही की मांग को लेकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया।

प्रदेश की प्रांत मंत्री काजल थापा ने बताया कि वर्तमान में उत्तराखंड राज्य की सरकारी नौकरियों में भ्रष्टाचार के मामले आ रहे हैं यह विषय हजारों युवाओं के भविष्य से जुड़ा हुआ है, युवा सरकारी नौकरी पाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं लेकिन धनबल से अयोग्य अभ्यर्थी नौकरियां पा रहे है। प्रदेश संगठन मंत्री प्रदीप शेखावत ने कहा कि उत्तराखंड में यूकेएसएसएससी व विधानसभा नियुक्तियों में गंभीर भ्रष्टाचार और घोटालो की शिकायतें पाई जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भ्रष्टाचार के इस मुद्दे को लेकर यह मांग करती है कि इसकी निष्पक्ष जांच करके जो दोषी पाए जाते हैं, उनके विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्यवाही की जाए। अन्यथा प्रदेशव्यापी उग्र आंदोलन किया जाएगा। महानगर मंत्री करन घाघट ने कहा अभाविप महानगर के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश मंत्री के नेतृत्व में अपर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा हैं साथ ही कड़ी कार्यवाही की मांग की गई है। उन्होने कहा कि अभाविप का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल से मिलकर भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही की मांग करेगी। अभाविप दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही न होने पर प्रदेश भर में उग्र आंदोलन करेगी। इस मौके पर विभाग सयोंजक अनिता रांगड़, विभाग संगठन मंत्री नागेन्द्र बिष्ट, विभाग सह सयोंजक विशाल सिंह, विभाग सह छात्रा प्रमुख मनोरमा रावत, जिला सयोंजक चन्दन नेगी, किरन कठायत,नगर विस्तारक कंचन पंवार, दयाल बिष्ट,गौरव तोमर सहित कई लोग उपस्थित रहे।




# दांतों में बैक्टीरिया बनता हैं कैविटी का कारण



वर्तमान समय की जीवनशैली में देखने को मिल रहा हैं कि गलत खानपान और दांतों की सफाई ना करने की वजह से इनमें बैक्टीरिया लगने की समस्या सामने आने लगती हैं। बैक्टीरिया एसिड पैदा करते हैं, जो कैविटी का कारण बनता है। बच्चों से लेकर बड़े तक सभी कैविटी से परेशान हैं जिसकी वजह से दांतों के इनेमल को नुकसान पहुंचता हैं ये खोखले होने लगते हैं। ऐसे में दांतों को स्वस्थ बनाने के लिए जरूरी हैं कि कैविटी को दूर किया जाए। आज इस कड़ी में हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों की जानकारी देने जा रहे हैं जिनकी मदद से दांतों में पनपे बैक्टीरिया को दूर किया जा सकता हैं। आइये जानते हैं इन नुस्खों के बारे में...

नमक

नमक में मौजूद एंटीसेप्टिक और एंटीबायोटिक गुणों के कारण यह कैविटी के इलाज के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह दर्द और सूजन को कम करने, किसी भी तरह के संक्रमण और मुंह में बैक्टीरिया को रोकने में मदद करता है। इसके लिए एक चम्मच नमक को गुनगुने पानी में मिला लें। फिर इससे कुल्ला करें। समस्या दूर होने तक इस उपाय को दिन में तीन बार करें।

ऑयल पुलिंग

ऑयल पुलिंग एक आयुर्वेदिक विधि है, जिससे दांतों को साफ और मजबूत बनाया जा सकता है। इसमें लगभग 20 मिनट के लिए मुंह के चारों ओर तिल या नारियल के तेल का एक बड़ा चम्मच घुमाकर, फिर इसे थूकना है। एक शोध से मिले संकेत यह पाया गया है कि यह दांतों के स्वास्थ्य में सुधार कर सकता है। यह मुंह में बैक्टीरिया, प्लाक और मसूड़ों की सूजन को कम करता है।

नीम का दातून

आप दांतों को साफ करने के लिए नीम के दातून का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। नीम दांतों को पीलापन से छुटकारा दिलाने में मदद करता है। आप इसका इस्तेमाल ब्रश के रूप में भी कर सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी लोग नीम के दातून से दांतों को साफ करते हैं।

एलोवेरा

एलोवेरा टूथ जेल कैविटी पैदा करने वाले बैक्टीरिया से लड़ने में मदद कर सकता है। इस जेल का जीवाणुरोधी प्रभाव मुंह में बैक्टीरिया के निर्माण को रोकता है। एलोवेरा का उपयोग टी ट्री ऑयल के साथ एक प्रभावी कैविटी कीटाणुनाशक के रूप में किया जाता है।

लौंग का तेल

लौंग का तेल स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसके लिए आप रूई का इस्तेमाल करते हुए दो- तीन बूंद लौंग का तेल डालें। आप लौंग के तेल को रात में लगा सकते हैं। इसके अलावा लौंग के तेल में रूई लगाकर कैविटी पर रखें। इस उपाय को नियमित रूप से करने से समस्या से जल्द ठीक हो जाएगा।

मुलेठी

मुलेठी की जड़ में जीवाणुरोधी गुण होते हैं, जो मुंह में बैक्टीरिया के विकास को रोकता है। 2019 के एक अध्ययन में पाया गया कि इसके रस में एंटी बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो फ्लोराइड माउथवॉश से अधिक शक्तिशाली होते हैं।

लहसुन

दांतों की कैविटी को दूर करने के लिए लहसुन के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आपको लहसुन की 7 से 8 कलियों को पीसना है और कैविटी के हिस्से में लगाकर 10 से 15 मिनट के लिए छोड़ दें और उसके बाद कुल्ला करें।

अंडे के छिलके

अंडे के छिलकों में कैल्शियम होता है जिसका उपयोग कोई व्यक्ति दांतों के इनेमल को ठीक करने में मदद कर सकता है। यह दांतों से प्लाक हटाने में भी मददगार होता है। एक अध्ययन के अनुसार अंडे के छिलके दांतों को अम्लीय पदार्थों से बचाते हैं।

आंवला

आंवला जैसी जड़ी-बूटी भी कैविटी के इलाज में मददगार होती है। इसमें भरपूर मात्रा में मौजूद एंटीऑक्सिडेंट और विटामिन सी के कारण यह बैक्टीरिया और संक्रमण से लड़ने में मदद करती है। यह संयोजी ऊतक के विकास को बढ़ावा देकर मसूड़ों के लिए बहुत लाभकारी होती है। इसके अलावा, यह मुंह को साफ करने और बदबूदार सांस से छुटकारा पाने में मदद करता है।

अस्मे वीरो मरुत: शुष्म्यस्तु जनानां यो असुरो विधर्ता।
अपो येन सुक्षितये तरेमाध स्वमोको अभि व: स्याम।।

(ऋग्वेद ७-५६-२४)

हे मारुत ! हमारे वीर युवक हर प्रकार से बलशाली हो और अन्य मनुष्यों को पोषण देने वाले हो। उनके सहयोग से हमारी भी जीवन की नैया पार हो जाए। वो मित्रवत हमारे साथ-साथ रहे।

O Marut ! May our brave youth be strong in every field and give nourishment to other human beings. With their help, we may cross the seas of life. They live with us like friends. (Rig Veda 7-56-24)

# मानसून में त्वचा को ह्यूमिडिटी के प्रभाव से बचाने के लिए अपनाएं ये स्किन केयर टिप्स

मानसून के मौसम में ह्यूमिड्टी (नमी) का स्तर भी काफी बढ़ जाता है, जिससे चेहरे का स्वास्थ्य काफी प्रभावित होता है। इससे त्वचा अधिक तैलीय, कमजोर और बेजान होने लगती है। वहीं, ह्यूमिडिटी के कारण आने वाले पसीने के कारण त्वचा पर मुंहासें जैसी कई समस्याएं होने लगती हैं। आइए आज हम आपको पांच ऐसी स्किन केयर टिप्स देते हैं, जिन्हें अपनाकर आप मानसून के दौरान अपनी त्वचा को ह्यूमिडिटी से सुरक्षित रख सकते हैं।

मौसम भले ही कोई भी हो, मॉइश्चराइजर हर किसी के स्किन केयर रूटीन में जरूर शामिल होना चाहिए क्योंकि यह त्वचा पर एक सुरक्षित परत बनाकर उसे कई तरह के नुकसानों से बचा सकता है। मानसून में ऐसे मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए, जो तेल रहित होने के साथ-साथ लाइट भी हो क्योंकि इससे त्वचा चिपचिपा नहीं लगेगा। इसके अतिरिक्त, यह आपकी त्वचा ह्यूमिडिटी से भी सुरक्षित रहेगी।

मानसून की समस्याओं से बचने के लिए सबसे पहले अपने गर्मियों के फेसवॉश को ग्लाइकोलिक एसिड और सैलिसिलिक एसिड युक्त फेसवॉश से स्विच करें, जो बेजान त्वचा के लिए सही है। इतना ही नहीं, अपनी स्किन टाइप के अनुसार ही फेसवॉश खरीदना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही त्वचा को साफ और तरोताजा रखने के लिए दिन में कई बार धोएं और नियमित रूप से टोनर का इस्तेमाल करें, इससे आपकी त्वचा हाइड्रेट रहेगी।

मानसून के साथ-साथ सभी तरह के मौसम में सनस्क्रीन लगाना जरूरी है। सनस्क्रीन त्वचा को हाइड्रेट करने के साथ ही सूरज की हानिकारक यूवी किरणों से बचाकर रखने में काफी मदद कर सकती है, इसलिए रोजाना सीमित मात्रा में एक बार अपने चेहरे पर सनस्क्रीन जरूर लगाएं। अगर आप घर से बाहर हैं तो अपने चेहरे पर हर दो से तीन घंटे बाद सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें।

गंदगी, डेड स्किन सेल्स और अन्य अशुद्धियां त्वचा की कोमलता को कम करने और मुंहासों को उभारने का मुख्य कारण मानी जाती हैं, इसलिए इनसे राहत पाने के लिए मानसून के दौरान भी एक्सफोलिएट करना बहुत जरूरी है। हालांकि, आपको इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि अधिक एक्सफोलिएशन आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए हफ्ते में ज्यादा से ज्यादा दो बार ही त्वचा को हल्के हाथों से एक्सफोलिएट करें।

# पत्नी ने ही प्रेमी से करायी थी पति की हत्या, तीन गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। सतबीर हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने हत्याकांड में शामिल सतबीर की पत्नी व उसके प्रेमी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। बीती 30 अगस्त को सतबीर का शव सालियर मंगलौर रोड पर रक्त रंजित हालत में मिला था।

एसपी देहात परमिंदर सिंह डोभाल ने बताया कि बीती 30 अगस्त को सालियर मंगलौर रोड पर एक युवक का शव सड़क किनारे रक्त रंजित अवस्था में मिला था। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पड़ताल शुरू कर दी गयी थी। मृतक युवक की पहचान सतवीर पुत्र कुलवीर निवासी एकड़ थाना पथरी की रूप में हुई। मामले की जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि सतबीर अपने बुलेरो वाहन से अपने दो दोस्तों के साथ पंजाब जाने की बात कहकर घर से निकला था। बताया कि ज्वालापुर में अपने वाहन को ठीक कराने के बाद वह पंजाब की ओर रवाना हुआ। जांच के दौरान सामने आया कि सतवीर के वाहन में उस समय उसका रिश्तेदार गुरूसेवक देओल पुत्र कर्मवीर सिंह व सोनू पुत्र खुशीराम निवासी बिजनौर थे। जिन्हे पुलिस ने एथल से गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान पता चला कि गुरूसेवक का मृतक सतबीर की पत्नी नवनीत कौर से प्रेम प्रसंग चल रहा था जिसके चलते उन्होने मिलकर सतबीर को मारने की योजना बनाई। बताया कि पहले आरोपी सतबीर को गोली मारना चाहते थे लेकिन बाद में उन्होने उसकी चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने मृतक सतबीर की पत्नी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

## कैबिनेट मंत्री ने आपदा प्रभावित परिवारों को बांटे सहायता राशि के चैक



नगर संवाददाता

देहरादून। बीते दिनों भारी वर्षा के कारण आयी आपदा में देहरादून के गल्जवाड़ी में अतिवृष्टि से हुए नुकसान को लेकर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज आपदा प्रभावित 26 परिवारों को अनुमन्य सहायता राशि के चैक वितरित किये। इस मौके पर काबीना मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि हमने जिन्हें इस आपदा में खोया है उन्हें वापस तो नहीं ला सकते परंतु इस आपदा में जिन परिवारों के मकान क्षतिग्रस्त हुए है, उनको उनका घर जल्द से जल्द मिल सके। इस दिशा में राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में सरकार प्रभावितों के साथ खड़ी है और जो भी यथा संभव मदद होगी वह प्रभावित परिवारों की जायेगी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान लीला शर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक पुंडीर, वी.डी.सी. ज्योति ढकाल, विमला, रेखा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## शराब के साथ गिरफ्तार

देहरादून (सं)। पुलिस ने शराब के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रायवाला थाना पुलिस ने होशियारी मन्दिर तिराहे के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमता हुआ देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 74 पव्वे शराब के बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम जयसिंह पुत्र धनसिंह निवासी बीईजी कैंप रायवाला बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मंत्री ने पौड़ी व पिथौरागढ़ की आपदा से सम्बन्धित समीक्षा बैठक की

संवाददाता

देहरादून। मंत्री चंदन राम दास ने पौडी व पिथौरागढ के आपदा सम्बन्धित आपदा समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये।

आज यहां मंत्री चंदन राम दास ने अधिकारियों से वर्चुवली आपदा से सम्बन्धित आपदा समीक्षा बैठक ली। जनपद पौड़ी में सिंचाई खड् दुगड्डा की 181 नहरे, सिंचाई खड् श्रीनगर की 02 नहरे , जल संस्थान कोटद्वार की 70 पेयजल लाइन, जल संस्थान पौड़ी की 27 पेयजल लाइन, लोक निर्माण विभाग की 181 मोटर मार्ग व जनपद पिथौरागड् में लघु सिंचाई की 64 नहरे, प्रधानमंत्री सड़क योजना की 10 सड़कें, 8 लोगो की मृत्यो, 2 लोगो की घायल होने की सूचना मिली। वर्तमान तक दोनो जनपदों में अधिकांश नहरों, पेयजल लाइनों, सड़को



को सुचारू रूप चालू कर दिया गया है व आपदा से प्रभावित परिवारों को प्रदेश सरकार की ओर से वित्तिय सहायता भी प्रदान की जा चुकी है। समीक्षा बैठक में मंत्री के द्वारा दोनों जनपदों के जिला अधिकारियों व विभागों के अधिकारियों को आपदा से क्षतिग्रस्त हुए मकानों, पेयजल लाइनों,सिचाई नहरों, बन्द हुई सड़को, बाधित हुई विद्युत लाइनों को तत्काल सुचारू करने व मुआवजा आदि वितरित करने के निर्देश दिए।

मंत्री आपदा से अपने पारिवारिक जनों को खोने वाले परिवारों के प्रति अपनी सवेंदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुःख में प्रदेश सरकार उक्त परिवारों के साथ खड़ी है।

## विद्युत चोरी में एक नामजद

देहरादून। पुलिस ने बिजली चोरी में एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग अनारवाला के जेई आरिफ अली ने कैण्ट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने ग्राम किमाडी में उमर राव सिंह के मकान पर छापा मारा तो वहां पर बिजली के पोल पर कटिया डालकर बिजली चोरी करते हुए पकडा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## नाबालिग लापता

संवाददाता

देहरादून। नाबालिग के बिना बताये चले जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धूलकोट निवासी ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी 15 साल की भतीजी घर से बिना बताये कहीं चली गयी है। उन्होंने उसको काफी समझाया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# डीडीए ने कर्मचारियों की बेटियों की पढ़ाई के लिए दिए 3-3 लाख रुपये

संवाददाता



देहरादून। दून डिफेंस एकेडमी ने 15 वर्षों से कार्य कर रहे दो कर्मचारियों की बेटियों पढाई के लिए तीन-तीन लाख रूपये दिये।

दून डिफेंस एकेडमी ने संस्था के साथ 15 वर्षों से जुड़े नीरज खुराना और पवन कुमार को उनकी सेवा और निष्ठा को देखते हुए उनकी बेटियों की पढ़ाई के लिए 3-3 लाख रुपए प्रदान किये। दोनों ही कर्मचारी सुबह अखबार बांटते हैं और दिन में डीडीए में अपनी सेवाएं देते हैं। ऐसा कम ही देखने को मिलता है कि कोई निजी संस्था अपने कर्त्तव्यनिष्ठ कर्मचारियों को पुरुस्कार स्वरूप नगद धनराशि देकर उनका सम्मान करे। ऐसा ही कुछ दून डिफेंस एकेडमी में देखने को मिला। निजी संस्था होते हुए भी डीडीए ने अपने दो कर्मचारियों की निष्ठा और ईमानदारी का ईनाम दिया।

बता दें कि 15 अगस्त 2022 को दून डिफेंस एकेडमी ने अपने स्वर्णिम 17 वर्ष पूरे किये। इस उपलक्ष पर आयोजित कार्यक्रम में डीडीए में 15 वर्षों की निरंतर सेवा देने वालो कर्मचारी नीरज खुराना और पवन कुमार को एकेडमी के निदेशक संदीप गुप्ता ने 3-3 लाख रूपये के चेक प्रदान किया। यह धनराशि नीरज खुराना और पवन कुमार की बेटियों की पढ़ाई के लिए दिए गए, ताकि वे अपना भविष्य उज्वल कर सकें। नीरज खुराना व पवन कुमार सुबह अखबार वितरण का कार्य करते हैं तथा दिन में डीडीए में अपनी सेवाएं देते हैं।

# बेरीनाग को बनाया जा रहा है शिक्षा का हबः टम्टा

कार्यालय संवाददाता


बेरीनाग। अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज बेरीनाग में विधायक फकीर राम टम्टा अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूली छात्र छात्राओं के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर कालेज के प्रधानाचार्य के डी आर टम्टा के नेतृत्व में शिक्षकों के विधायक फकीर राम टम्टा का शाल उड़ाने के स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक फकीर राम टम्टा ने कालेज के उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र छात्राओं और शिक्षकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक फकीर राम टम्टा ने कहा की बेरीनाग को शिक्षा का हब बनाया जायेगा। छात्रों से भविष्य में लक्ष्य बनाकर चलने को कहा। इस मौके पर विधायक फकीर राम टम्टा ने विधायक निधि से फर्नीचर देने धोषणा की और अन्य समस्याओं पर शीघ्र कार्रवाई



करने का भरोसा दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ब्लाक प्रमुख विनीता बाफिला ने समय समय पर कालेज के द्वारा किये जा रहे कार्यक्रमों की सराहना करते हुए बच्चों से सभी कार्यक्रमों में बडचडकर प्रतिभाग करने की अपील की।

इस मौके पर ब्लाक प्रमुख विनीता बाफिला ने क्षतिग्रस्त चारदीवारी का निर्माण करने की धोषणा की। इस मौके पर प्रधानाचार्य डीआर टम्टा ने विधायक को विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा और राजीव गांधी अभिनव विद्यालय के शिक्षकों ने भी विभिन्न समस्याओं को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा और कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरज बिष्ट,नगर मंडल अध्यक्ष दीपक धानिक,विधायक प्रतिनिधि चारू पंत, शिक्षक अभिभावक संघ अध्यक्ष किशन लाल शाह, प्रधानाचार्य डीआर टम्टा, मनोहर सिंह क्वीरियाल, पूरन राम, आशुतोष मिश्रा, राजेन्द्र रौतेला, भूपेंद्र भट्ट, इन्दुल कोहली, कैलाश पाठक सहित आदि मौजूद थे।

# धामी सरकार का युवा विरोधी चेहरा सामने आयाः उमा सिसोदिया




संवाददाता

देहरादून। आम आदमी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष उमा सिसोदिया ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता के साथ धोखा किया है और पेपर लीक मामले में धामी सरकार का युवा विरोधी चेहरा सामने आया।

आज यहां आम आदमी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं युवा विंग प्रभारी उमा सिसोदिया ने प्रदेश कार्यालय में एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा की उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने जनता के साथ धोखा किया है उन्होंने कहा जिस प्रकार यूकेएसएसएससी मामले में भाजपा के नेता बेनकाब हो रहे हैं और जांच के नाम पर बड़े नेताओं को इस प्रकरण में बचाया जा रहा है। वही विधानसभा एवं पशुपालन विभाग में भाजपा के नेताओं एवं मंत्रियों ने अपने करीबियों को एडजस्ट करने के लिए बैक डोर से एंट्री करा कर उत्तराखंड के युवाओं का हक छीना है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी पहले दिन से ही यूकेएसएसएससी मामले को लेकर आंदोलनरत है एवं प्रदेश सरकार को इस पूरे मामले में बेनकाब किया है उन्होंने कहा कि मुख्य मंत्री पुष्कर धामी जांच के नाम पर खानापूर्ति कर रहे हैं एवं अपने नेताओं को बचाने का प्रयास कर रहे हैं साथ ही चुनाव से पूर्व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बेरोजगारों से यह वादा किया था कि वह 40,000 नौकरियां युवाओं को देंगे परंतु नौकरी देना तो दूर धामी सरकार ने युवाओं के हक पर ही डाका डाला है। उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण में मीडिया का सहयोग एवं कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा कि अब धामी सरकार की मंत्री रेखा आर्य की चिट्ठी सामने आई है जिसमें उन्होंने एक प्रार्थना पत्र पर पशुपालन विभाग में अपने करीबियों को नियुक्ति दिला दी। उन्होंने कहा कि धामी सरकार उत्तराखंड की जनता के साथ यह कैसा मजाक कर रही है जहां एक ओर युवा दर-दर की ठोकरें खाने के बाद भी नौकरी नहीं ले पाता वही धामी सरकार के मंत्री और नेता एक चिट्ठी से अपने करीबियों को बैक डोर से एंट्री कराते हैं यह उत्तराखंड के लिए दुर्भाग्यपूर्ण घटना है और इसको युवा भूलने वाले नहीं है । अंत में उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण पर मुख्यमंत्री धामी को उत्तराखंड की जनता से माफी मांगनी चाहिए। इस दौरान उपाध्यक्ष डॉ आरपी रतूड़ी ने कहा कि इस पूरे प्रकरण पर भाजपा की जीरो टॉलरेंस की पोल खुल गई है प्रदेश प्रवक्ता विपिन खन्ना ने कहा की भाजपा का युवा विरोधी चेहरा जनता के सामने आया है एवं जिस प्रकार बीजेपी अपने नेताओं को संरक्षण दे रही है वह उत्तराखंड की जनता देख रही है प्रवक्ता कमलेश रमन ने कहा की इस पूरे प्रकरण में उत्तराखंड की जनता भाजपा को माफ नहीं करेगी।

# 100 रुपए सस्ता हुआ एलपीजी सिलेंडर

नई दिल्ली । सितंबर महीने की शुरुआत के पहले दिन आम जनता को बड़ी राहत मिली है। 1 सितंबर को गैस सिलेंडर का दाम कम हुआ है। एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 100 रुपये की भारी कटौती की गई है। दामों में यह कमी सिर्फ कमर्शियल सिलेंडर पर हुई है। जबकि 14.2 किलो वाला घरेलू एलपीजी सिलेंडर पुराने दामों पर ही मिल रहा है।

घटी हुई कीमत आज से लागू हो गई है। इस कटौती के बाद आज से दिल्ली में 19 किलो वाला एलपीजी सिलेंडर 1976.50 रुपये की जगह 1885 रुपये में मिलेगा। कोलकाता में अब यह 2095.50 रुपये की जगह 1995.50 रुपये में मिलेगा। मुंबई में इसकी कीमत 1844 रुपये और चेन्नई में 2045 रुपये रह गई है। दिल्ली में यह 91.50 रुपये, कोलकाता में 100 रुपये, मुंबई में 92.50 रुपये और चेन्नई में 96 रुपये सस्ता हो गया है। हालांकि रसोई गैस सिलेंडर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। 19 किलो वाले सिलेंडर का इस्तेमाल कमर्शियल तौर पर होता है। लगातार चौथे महीने कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में कटौती की गई है।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन


# दही और प्याज खाने से होते हैं कई स्वास्थ्य लाभ



गलत खान-पान की वजह से आज लोगों में मोटापा, रक्तचाप और मधुमेह जैसी खतरनाक बीमारियां हो रही हैं। इन बीमारियों से बचने का सबसे आसान तरीका है खानपान और जीवनशैली में बदलाव। स्वस्थ आहार लेने से आवश्यक पोषक तत्वों की आपूर्ति की जाती है। यह आपके शरीर को बीमारियों से संक्रमित होने से भी बचाता है। आपने खाने के बारे में हर तरह की सलाह सुनी होगी। कुछ हेल्दी चीजों का सेवन करने से आपको दोहरा फायदा होता है। दही और प्याज खाने से आपकी सेहत को कई फायदे हो सकते हैं। दही और प्याज में मौजूद गुण शरीर को ठंडा रखने के साथ-साथ पाचन तंत्र को भी स्वस्थ रखने का काम करते हैं।

दही और प्याज खाने के फायदे

दही और प्याज दोनों ही सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। इन दोनों खाद्य पदार्थों में शीतलन प्रभाव होता है, इसलिए इनका एक साथ सेवन करने में कोई बुराई नहीं है। दही में मौजूद गुण शरीर को ठंडा रखने और पाचन तंत्र को बेहतर बनाने में फायदेमंद होते हैं। इसके साथ ही प्याज में कई ऐसे गुण पाए जाते हैं जो शरीर को संक्रमण आदि से बचाने का काम करते हैं। दही और प्याज एक साथ खाने से मिल सकते हैं ये फायदे।

पाचन के लिए बहुत अच्छा

पाचन तंत्र को मजबूत करने के लिए दही और प्याज का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। दही और प्याज खाने से आपकी आंतों को फायदा होता है और अपच की समस्या से राहत मिलती है। दही में मौजूद गुण आंतों में फायदेमंद बैक्टीरिया को बढ़ाने का काम करते हैं।

त्वचा के लिए फायदेमंद

दही और प्याज खाना भी त्वचा के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। इसमें मौजूद गुण आपकी त्वचा को बेहतर बनाते हैं और कई समस्याओं से निजात दिलाने में भी उपयोगी होते हैं। इसका सेवन आपकी त्वचा को संक्रमण से बचाने में भी फायदेमंद होता है।

रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में उपयोगी

दही और प्याज खाने से आपके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इन दोनों में मौजूद गुण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता और रोगों और संक्रमण से लड़ने की क्षमता को बढ़ाते हैं। कई शोधों और अध्ययनों में इस बात की पुष्टि की गई है।



योनि संक्रमण में लाभ

दही और प्याज खाने से भी आपको योनि में संक्रमण की समस्या में मदद मिलती है। इसलिए महिलाओं को दही और प्याज खाने की सलाह दी जाती है। इसमें मौजूद गुण यीस्ट इंफेक्शन के खतरे को कम करने में फायदेमंद होते हैं।

हाई ब्लड प्रेशर में फायदेमंद

हाई ब्लड प्रेशर की समस्या में दही और प्याज का सेवन बहुत फायदेमंद होता है. एक शोध के अनुसार जो लोग दही का सेवन करते हैं उनमें हाई ब्लड प्रेशर का खतरा अन्य लोगों की तुलना में बहुत कम होता है।

हड्डियों के लिए फायदेमंद

हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए दही और प्याज का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। दही और प्याज दोनों ही कैल्शियम से भरपूर होते हैं। इसका सेवन करने से आपकी हड्डियां मजबूत होती हैं और हड्डियों के घनत्व को बढ़ाने में मदद मिलती है।

हालांकि, किसी भी भोजन का सेवन करने का तरीका कुछ लोगों के लिए फायदेमंद और हानिकारक दोनों हो सकता है। इसी तरह प्याज और दही खाना भी कुछ लोगों के लिए हानिकारक माना जाता है। कई लोगों में दही और प्याज खाने से एसिडिटी, एक्जिमा, सोरायसिस जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए इसका सेवन करते समय सावधानी बरतें। दही रायता में प्याज मिलाकर खाने से लाभ होता है।( आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -49

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | ■ | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| 10 | | | | ■ | | ■ | 11 | |
| | ■ | ■ | 12 | 13 | | 14 | | ■ |
| 15 | 16 | | ■ | | ■ | | ■ | 17 |
| ■ | | ■ | 18 | | 19 | | ■ | |
| 20 | | | | ■ | 21 | | ■ | |
| 22 | | ■ | | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | ■ | 25 | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 48 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | ट्टू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |

## लाइगर को निगेटिव रिव्यू से हुआ नुकसान

विजय देवरकोंडा की फिल्म लाइगर सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म को हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज किया गया है। अब फिल्म की पहले दिन की कमाई के आंकड़े सामना चुके है। इस फिल्म के साथ विजय देवरकोंडा ने अपना बॉलीवुड डेब्यू किया है। रिलीज से पहले फिल्म लाइगर से उम्मीद की जा रही थी कि ये फिल्म बॉलीवुड की तरफ से बॉक्स ऑफिस पर पड़े सूखे को दूर करेगी। विजय देवरकोंडा की पॉपुलैरिटी को देखते हुए माना जा रहा था कि पूरे भारत में यह फिल्म छा जाने वाली है। इसे 2500 स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया है। उम्मीद थी कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस के कई पुराने रिकॉर्ड्स तोड़ेगी और नए बनाएगी। लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन सभी उम्मीदों पर पानी फिर गया है। क्रिटिक्स से मिले मिक्स्ड रिव्यू और दर्शकों के निगेटिव रिएक्शन की वजह से फिल्म ने सभी भाषाओं में 21 से 23 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। पहले 27-29 करोड़ रुपये की उम्मीद की जा रही थी। बताया जा रहा है कि फिल्म के तेलुगू वर्जन ने सबसे ज्यादा कमाई की है।

रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि लाइगर सिंगल स्क्रीन ऑडियंस के हिसाब की फिल्म है। वो दर्शक जो सिनेमा हॉल में बिना बुकिंग के जाकर एन्जॉय करते हैं। ऐसे में अगर सिंगल स्क्रीन ऑडियंस को ये फिल्म खास पसंद नहीं आई। तो मेकर्स को बड़ा झटका लग सकता है। कहा यह भी जा रहा है कि फिल्म को जबरदस्ती टारगेट किया जा रहा है। इसी के चलती ओपनिंग डे पर सुबह अच्छी ओपनिंग के बाद दोपहर में इसकी कमाई में गिरावट देखी गई थी। अब आगे क्या होता है यह तो समय ही बताएगा।

डायरेक्टर पुरी जगन्नाथ की लाइगर एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है। इसमें विजय देवरकोंडा ने एक बॉक्सर की भूमिका निभाई है। विजय का किरदार लाइगर बॉक्सिंग में भले ही चैंपियन है, लेकिन जुबान से लड़खड़ाता है। उसे हकलाने की दिक्कत है। फिल्म में अनन्या पांडे, लाइगर की प्रेमिका तान्या के रोल में हैं। इंटरनेशनल बॉक्सर माइक टायसन ने फिल्म में कैमियो किया है। इस फिल्म के प्रोड्यूसर करण जौहर हैं।

## विक्रम वेधा के टीजर को 24 घंटे में मिले 22.4 मिलियन व्यूज

ऋतिक रोशन और सैफ अली खान अभिनीत आगामी फिल्म विक्रम वेधा के टीजर को हर तरफ से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म का टीजर, जो एक संपूर्ण मनोरंजन पैकेज होने का वादा करता है, सभी प्लेटफार्मों पर 22.4 मिलियन बार देखा जा चुका है। इसके अलावा, इसने यूट्यूब और माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट ट्विटर की ट्रेंडिंग लिस्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया है। इसे यूट्यूब (9.4 लाइक्स और काउंटिंग) पर एक मिलियन के करीब लाइक्स मिल चुके हैं। टीजर को उद्योग और दर्शकों से भरपूर प्रशंसा मिली है।

टीजर के लिए चीयर करने वालों में विक्की कौशल, अभिषेक बच्चन, करीना कपूर खान, राकेश रोशन, सारा अली खान, आलिया भट्ट, जोया अख्तर, सोनाक्षी सिन्हा, वाणी कपूर, कैटरीना कैफ, कृति सनोन, वरुण धवन, परिणीति चोपड़ा और सुनिधि चौहान जैसी बी-टाउन हस्तियां शामिल हैं।

फिल्म एक नेक पुलिस वाले विक्रम (सैफ अली खान) और खतरनाक गैंगस्टर वेधा (ऋतिक रोशन) की एक दिलचस्प कहानी प्रस्तुत करती है। यह फिल्म 2017 में विजय सेतुपति और आर माधवन-स्टारर इसी नाम की फिल्म का रूपांतरण है और इसे एक ही निर्देशक पुष्कर और गायत्री द्वारा निर्देशित किया गया है।

विक्रम वेधा को गुलशन कुमार, टी-सीरीज और रिलायंस एंटरटेनमेंट ने फ्राइडे फिल्मवर्क्स एंड जियो स्टूडियोज और वाईनॉट स्टूडियोज प्रोडक्शन के सहयोग से प्रस्तुत किया गया है। यह फिल्म भूषण कुमार और एस. शशिकांत द्वारा निर्मित है और 30 सितंबर, 2022 को विश्व स्तर पर सिनेमाघरों में उतरने के लिए तैयार है।(आरएनएस)

## पठान के फर्स्ट लुक में जॉन अब्राहम खलनायक के रूप में लग रहे शानदार

बहुप्रतीक्षित फिल्म पठान के खलनायक के रूप में बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम का एक नया मोशन पोस्टर अनावरण किया गया। यह एक बम विस्फोट के साथ शुरू होता है और फिर अभिनेता को धुएं के पीछे, चिंगारी और आग की लपटों के बीच एक बंदूक पकड़े हुए दिखाया जाता है।

फिल्म के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने एक बयान में कहा, पठान की हर घोषणा प्रशंसकों और दर्शकों के लिए बड़ी उत्सुकता है, जो हमारी रिलीज के दिन तक चलती रहेगी। हम चाहते हैं कि पठान का हर पहलू मुख्य रूप से चर्चा का विषय बने, क्योंकि सौभाग्य से, हमारे पास कंटेंट है।

जॉन को खलनायक के रूप में लेने के अपने निर्णय के बारे में बात करते हुए, निर्देशक ने कहा, जॉन अब्राहम पठान में खलनायक हैं। और मैंने हमेशा इस बात में विश्वास किया है कि खलनायक को प्रस्तुत उतना ही बड़ा होना चाहिए, जितना नायक का कद बड़ा होता है। फिल्म को जिस तरह की प्रतिक्रिया मिली है, उससे निर्देशक खुश हैं। शाहरुख, दीपिका पादुकोण और अब जॉन का पहला लुक वास्तव में उस बात का प्रतिनिधित्व करता है, जो हम चाहते हैं कि लोग देखें।पठान 25 जनवरी, 2023 को हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज होगी।(आरएनएस)

# पंकज त्रिपाठी के साथ काम करना एक्टिंग स्कूल में काम करने जैसा : खुशबू आत्रे



वेब सीरीज क्रिमिनल जस्टिस: अधुरा सच में पंकज त्रिपाठी के किरदार माधव मिश्रा की पत्नी की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री खुशबू आत्रे ने बताया कि तीसरे सीजन में अपने सह-कलाकार के साथ काम करना कैसा रहा।

अभिनेत्री ने साझा किया, पिछले सीजन में, वे नवविवाहित थे और अब लोगों को यह देखने को मिलेगा कि शादी के कुछ समय बाद क्या होता है। पंकज जी एक बहुत ही सरल व्यक्ति हैं। वह बहुत आसान और मिलनसार हैं। इसलिए, यह स्क्रीन पर भी बहुत सहज दिखता है। वह अपने आप में एक अकादमी है।

राजी, अवैध-न्याय, आदेश से बाहर और अन्य में काम करने वाली अभिनेत्री ने खुलासा किया कि तीसरे सीजन में उनका चरित्र रत्ना कैसे विकसित होगा।

अभिनेत्री ने कहा, मुझे लगता है कि किसी भी किरदार की तैयारी करते समय ईमानदारी सबसे जरूरी है। रत्ना बहुत वास्तविक और ईमानदार हैं इसलिए मैं इसे हासिल करने की कोशिश करती हूं।

शो के बारे में जानकारी देते हुए, वह कहती हैं, यह माधव मिश्रा की अब तक की सबसे कठिन कास्ट होने जा रही है। इस सीजन में, शो बड़ा और बेहतर होता जाता है क्योंकि वकील अपने करियर के सबसे कठिन मामलों में से एक को निपटाता है। उसका सामना होता है श्वेता बसु प्रसाद द्वारा अभिनीत एक सहायक लोक अभियोजक लेखा से। यह एक बहुत ही अच्छा अनुभव था। सभी सह-कलाकार जो करते हैं उसमें, बहुत अद्भुत है और सेट पर वाइब बहुत ही घरेलू था।

अपनी आगामी परियोजनाओं के बारे में बात करते हुए, वह साझा करती है, मैंने इस महीने यूके में एक फीचर फिल्म की शूटिंग की, जो अगले साल आएगी। फिर पाइपलाइन में कुछ लघु फिल्में हैं और एक अन्य परियोजना शूटिंग के लिए तैयार है। इसके अलावा मैं नियमित रूप से थिएटर और नाटक कर रही हूं।

बीबीसी स्टूडियोज इंडिया के सहयोग से अप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, रोहन सिप्पी निर्देशित इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी, गौरव गेरा, स्वास्तिका मुखर्जी, श्वेता बसु प्रसाद और पूरब कोहली हैं। यह पिछले महिने 26 अगस्त से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग हुई थी।(आरएनएस)

# रिया कपूर की नेक्स्ट में करीना के बाद हुई तब्बू की एंट्री!

बॉलीवुड इंडस्ट्री के दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर की बेटी रिया कपूर ने फिल्म वीरे दी वेडिंग को प्रोड्यूस किया था। इस फिल्म से करीना कपूर ने बेटे तैमूर को जन्म देने के बाद बड़े परदे पर कमबैक किया था। काफी लंबे समय से फैंस को वीरे दी वेडिंग के सीक्वल का इंतजार है। हालांकि करीना कपूर खान ने भी फिल्म के सीक्वल में अपनी भूमिका की पुष्टि की। करीना कपूर खान की एंट्री होने के बाद अब अफवाहें आ रही है कि मेकर्स फिल्म में 90 के दशक की मशहूर अदाकारा को कास्ट करने का मन बना रहे हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक रिया कपूर की नेक्स्ट में करीना कपूर खान के साथ तब्बू लीड रोल में दिखाई देंगी। एक्ट्रेस को कुछ दिनों पहले रिलीज हुई हॉरर कॉमेडी भूल भुलैया 2 में देखा गया था। फिल्म में कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी भी अहम भूमिकाओं में थीं। फिलहाल मेकर्स और तब्बू के बीच बातचीत जारी है। फिल्म की कहानी दो महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती दिखाई देगी, जो एक-दूसरे को सपोर्ट करती हैं। रिपोर्ट के अनुसार रिया ने कथित तौर पर आगामी फिल्म के लिए बेबो को लॉक किया है। वहीं दूसरी ओर तब्बू जल्द ही फिल्म को साइन करेंगी। एक्ट्रेस को कथित तौर पर स्क्रिप्ट पसंद आई है और उन्होंने इस प्रोजेक्ट में दिलचस्पी दिखाई है। तब्बू के फिल्म का हिस्सा बनने से इसमें एक न्य ट्विस्ट आएगा। करीना ने पहले खुलासा किया था कि फिल्म जनवरी 2023 में फ्लोर पर जाने वाली है।

# सलमान ने की अगली फिल्म की घोषणा



बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान ने भारतीय सिनेमा में तीन दशक पूरे कर लिए हैं और अपनी अगली फिल्म किसी का भाई- किसी की जान की घोषणा की है। सुपरस्टार सलमान खान ने 26 अगस्त 1988 को बीवी हो तो ऐसी से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की थी। इसके बाद 1989 में मैंने प्यार किया के साथ सलमान ने सुर्खियां बटोरी।

इंडस्ट्री में अपने 34 वर्षों में, सुपरस्टार ने प्रेम, समीर, राधे और चुलबुल पांडे जैसे कई प्रतिष्ठित किरदार निभाए हैं।

सलमान के प्रशंसकों ने 34 ईयर ओफ सलमान खान एरा ट्रेंड करके इस दिन का जश्न मनाया और सुपरस्टार ने अपने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक विशेष पोस्ट डालकर इस भाव को स्वीकार किया।

अभिनेता सलमान ने सोशल मीडिया पर 34 साल पूरे होने पर एक पोस्ट साझा करके आगामी फिल्म को लेकर जानकारी दी, 34 साल पहले अब था और 34 साल बाद भी अब है .. मेरे जीवन की यात्रा कहीं से भी शुरू हुई 2 शब्दों से मिलकर बनी है। मेरे साथ रहने के लिए धन्यवाद जो अब था और अब इसके अलावा धन्यवाद मेरे साथ रहने के लिए, यह सच में सराहनीय हैं।

सुपरस्टार द्वारा अपलोड किया गया एक वीडियो कृतज्ञता से भरे टेक्स्ट से शुरू होता है। वह अपने प्रशंसकों से लगातार प्यार और समर्थन के लिए उनके आभारी हैं।

सलमान ने वीडियो के अंत में अपने अनोखे अंदाज में फिल्म के शीर्षक का खुलासा करते हुए कहा, किसी का भाई. किसी की जान। सोशल मीडिया पर साझा किए इस वीडियो में अभिनेता का बहुत ही नया और शानदार लुक सामने आता है जिसके अंत में शीर्षक की घोषणा की जाती है। सलमान अपने नए शोल्डर कटे लंबे बालों को फ्लॉन्ट करते हुए दिख रहे हैं। जैसे ही उनका लुक फीका होता है, सलमान खान की आने वाली फिल्म का शीर्षक सामने आता है: किसी का भाई- किसी की जान।

# प्रदूषित जल : आखिर, समाधान क्या है?

मोहम्मद शहजाद

केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय का हाल में चौंकाने वाला खुलासा किया है। इसके अनुसार देश की 8० प्रतिशत आबादी जहरीला पानी पी रही है।

मंत्रालय के जरिए राज्य सभा में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार 29 राज्यों के 491 जिलों के ग्राउंड वॉटर में आयरन और 25 राज्यों के 2०9 जिलों में आर्सेनिक की मात्रा तय मानक से अधिक है। 18 राज्यों के 162 जिलों के भूजल में यूरेनियम, 16 राज्यों के 62 जिलों में क्रोमियम और 11 राज्यों के 29 जिलों में कैडमियम की मात्रा तय मानक से ज्यादा पाई गई है।

आंकड़ों के मुताबिक, 671 इलाके फ्लोराइड, 814 इलाके आर्सेनिक, 14०79 क्षेत्र आयरन, 517 क्षेत्र नाइट्रेट और 111 क्षेत्र भारी धातु से दूषित हैं। पानी में इन धातुओं के तय मानक से ज्यादा मात्रा में पाए जाने का मतलब है कि ये पानी को जहरीला कर रही हैं। इससे पेट दर्द और उल्टी दस्त से लेकर चर्म रोग, गुर्दे, लीवर, हड्डी और नर्वस सिस्टम से संबंधित बीमारियां, ट्यूमर, अल्जाइमर और कैंसर जैसी गंभीर बीमरियां तक हो सकती हैं।

चौंकिए मत! क्योंकि यह किसी और की करतूत का नतीजा नहीं है। यह सब-कुछ हमारा-आपका किया-धरा है। 'जल ही जीवन है'-इस सुविचार को हम बचपन से सुनते आए हैं, लेकिन क्या कभी इस ओर हमने ध्यान दिया। नहीं ना! बस केवल उसका दोहन करते रहे। तभी तो नौबत आज यहां तक आ पहुंची है। जलवायु परिवर्तन के नतीजे अभी तक तो प्रदूषण इत्यादि के रूप में हमारी धरा पर ऊपर-ऊपर ही नजर आते थे लेकिन अब इनका प्रभाव धरती की गहराई में मौजूद ग्राउंड वाटर तक पहुंच गया है। गौरतलब है कि भारत की आधी से ज्यादा आबादी गांवों में रहती है।

अमूमन माना जाता है कि गांव के लोगों को सबसे शुद्ध हवा-पानी मयस्सर है। जल शक्ति मंत्रालय के ताजा आंकड़े इस धारणा को भी झुठलाते प्रतीत होते हैं। इसके अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर तो और भी भयावह है क्योंकि इन इलाकों में पीने के पानी का मुख्य स्रोत यही भूजल है। यहां के लोग सीधे हैंडपंप, कुआं, बोरवेल और नदी-तालाब से पानी लेकर पी रहे हैं, जिन्हें शुद्ध करने का कोई माध्यम नहीं है। इसलिए ग्रामीण जहरीले पानी को गटकने के लिए विवश हैं। इसके बरक्स कुछ हद तक शहरों में भूजल सीधे पीने के लिए सप्लाई नहीं होता। उन्हें जल संयत्रों द्वारा संशोधित करके पीने का पानी घरों में सप्लाई किया जाता है। कुछ घरों में लोग निजी वॉटर प्यूरिफॉयर और आरओ लगवाकर दूषित पानी से अपनी सुरक्षा करते हैं। धनाढ्य लोगों के नसीब में बोतलबंद पानी भी है। यह खुशनसीबी चंद लोगों के भाग्य में ही है क्योंकि अधिकतर लोग आरओ और बोतलबंद पानी का खर्च वहन नहीं कर सकते हैं।

शहरों में औद्योगिक गतिविधियां अधिक होने से यहां ग्राउंड वॉटर में इन जहरीली धातुओं की मात्रा ग्रामीण क्षेत्रों से भी ज्यादा पाई जाती है। ऐसे में यहां के लोग खराब क्वालिटी के प्यूरिफायर प्लांट से शोधित पानी को सस्ती दरों में लेकर पीने को मजबूर हैं। अभी तो कम से कम यह जहरीला पानी हलक तर करने के लिए मिल भी जा रहा है। भविष्य में पता नहीं यह भी नसीब होगा या नहीं क्योंकि इस साल देश-दुनिया में पड़ी भीषण गर्मी का असर पूरे देश के भूजल स्तर पर पड़ा। इस दौरान देश के ज्यादातर हिस्सों में भूजल स्तर काफी नीचे चला गया। इससे साफ है कि 'जल बचाएं, भविष्य बचाएं' जैसी बातों को भी हमने जीवन का ध्येय वाक्य बनाने की बजाय केवल नारे के रूप में ही लिया।

अजीब बात है कि हमारी सिंधु घाटी की प्राचीन सभ्यता विशेषकर धोलावीरा से जल संरक्षण और प्रबंधन के बेहतरीन प्रमाण मिलते हैं, लेकिन हमारी आज की आधुनिक सभ्यता के लोग इससे बेपरवाह नजर आते हैं। बरसों से वर्षा जल संचयन की बातें हो रही हैं, लेकिन जमीनी सतह पर इसका कोई असर नजर नहीं आता। कहने को तो जल संसाधन मंत्रालय हमेशा से केंद्र सरकार के अधीन रहा है। उसमें नदी विकास और गंगा संरक्षण भी जुड़ गया है। अब तो विधिवत अलग जल शक्ति मंत्रालय है। राज्यों के भी इसके लिए अलग मंत्रालय और विभाग हैं। केंद्र की परियोजनाओं एवं यूनिसेफ के वॉटर, सैनिटेशन एंड हाईजीन (वॉश) कार्यक्रम के तहत हजारों एनजीओ काम कर रहे हैं, लेकिन नतीजा वही ढाक के तीन-पात है।

केंद्र सरकार ने अगस्त, 2०19 में जल जीवन मिशन लॉन्च किया था। इसका उद्देश्य 2०24 तक देश के ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक पीने का पानी टोंटी के जरिए पहुंचाना है। देश के 19.15 करोड़ ग्रामीण घरों में से 9.81 करोड़ घरों तक टैप वॉटर सप्लाई हो चुकी है यानी लगभग आधे लक्ष्य की प्राप्ति हो चुकी है। इसके अतिरिक्त अक्टूबर, 2०21 में अमृत 2.० स्कीम भी शुरू की गई है। इसके जरिए अगले पांच बरसों में सभी शहरों को टैप वॉटर सप्लाई करने का लक्ष्य है। निःसंदेह ये आंकड़े सुकून देने वाले हैं, लेकिन असल सवाल अब भी वही है कि इस पानी को सप्लाई करने वाले स्रोत-भूजल-के संरक्षण के लिए क्या किया जा रहा है?

# मुकदमा दर्ज होने पर आरोपी बैठा आमरण अनशन पर

संवाददाता

देहरादून। सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज होने पर आरोपी ने मुकदमा झूठा बताते हुए मामले की जांच की मांग को लेकर गांधी पार्क के बाहर आमरण अनशन शुरू कर दिया।

आज यहां काठगोदाम हल्द्वानी निवासी दीपक करगेती ने गांधी पार्क के बाहर आमरण अनशन शुरू कर दिया। उसने बताया कि उसके द्वारा उत्तराखंड उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग में उद्यान निदेशक द्वारा लगातार किए जा रहे भ्रष्टाचारों की जांच हेतु उपलब्ध साक्ष्यों के साथ शपथ पत्र प्रस्तुत कर दिया गया है। लेकिन अभी तक जांच के कोई आदेश शासन से नहीं हुए। निदेशक द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महोत्सवों में कराए गए आय व्यय लेखा जोखा की सूचना लोक सूचना से सही व स्पष्ट ना प्राप्त होने के कारण उसके द्वारा अपीलीय अधिकारी (उद्यान निदेशक ही अपीलीय अधिकारी हैं) को पुनः सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत सभी सूचना उपलब्ध कराने हेतु पत्र प्रेषित किया जिसकी एक-एक प्रति मुख्य सूचना आयुक्त उत्तराखंड सरकार और सचिव कृषि एवं कृषक कल्याण बोर्ड उत्तराखंड सरकार को भी की गई। जिसके सापेक्ष में अपीलीय अधिकारी ने प्रायोजित तरीके से सूचना का अवलोकन करने हेतु 31 अगस्त को प्रातः 11 बजे उद्यान विभाग कैंप कार्यालय सर्किट हाउस देहरादून में उपस्थित होकर सूचना प्राप्त करने का पत्र प्रेषित किया गया। उसके द्वारा दिए गए दिनांक और समय के अनुसार ही वहां अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई गई और छुपाई जा रही सूचना के सभी बिंदुओं को विस्तार से रखा गया। उद्यान निदेशक के कक्ष में उसके अतिरिक्त जिन लोगों की उपस्थिति थी वे लोग उद्यान निदेशक /अपीलीय अधिकारी डा हरमिंदर सिंह बवेजा,लोक सूचना अधिकारी जयंत वर्मा एल एम रावत वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ,सुरभि पांडे ,जगमोहन। उसको सही सूचना न दिए जाने और अपने भ्रष्टाचारों को छुपाने के उद्देश्य से निदेशक द्वारा संविदा कर्मी महिला सुरभि पांडे ने लगातार मुझ पर आक्रामक रखा। जिसका जवाब वह हाथ जोडकर मांगता रहा कि कृपया आपने मुझसे 1850 रूपए जमा करवाए गए हैं लेकिन उसके सापेक्ष सही सूचना नहीं दी वो दीजिए। सुरिभी द्वारा सभी फाइलों को खुद ही जमीन में पटकने और ऐसी सूचना न मांगने की बात मुझसे कही गई। निदेशक द्वारा षड्यंत्र रचा गया और झूठी एफआईआर थाने में कर दी गई। चूंकि आज यह दूसरी झूठी एफआईआर उसपर दबाव बनाने के लिए की जा रही है। उसने कहा कि राज्य में उद्यान में व्याप्त भ्रष्टाचार के जांच के आदेश होने ओर झूठी एफआईआर का सच सबके सामने लाने तक वह आमरण अनशन करेगा।




## ❑उद्यान विभाग पर लगाये गम्भीर आरोप

## सू- दोकू क्र.49

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 48 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

# भारत-चीन में क्या समान दिशा?

जब तक दो टूक समस्या नहीं बताई जाएगी, आखिर यह संदेश कैसे जाएगा कि चीन ने लद्दाख क्षेत्र में जो कुछ किया है, वह दोस्ताना नहीं है। साथ ही उसके उस रुख के रहते तब 'समान दिशा' कैसे ढूंढी जा सकेगी?

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक भाषण में कहा कि जब तक भारत और चीन मिल कर काम नहीं करते, एशियाई सदी का सपना पूरा नहीं होता। लेकिन उन्होंने यह भी जोड़ा कि इस समय भारत और चीन के संबंध बहुत कठिन दौर में हैं और ऐसा 'वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन की हरकतों' की वजह से हुआ है। चीन ने तुरंत इस बयान को लपक लिया। उसने एशियाई सदी के सपने की जयशंकर की बात का समर्थन किया। और इसमें जोड़ा कि इसके लिए समान दिशा में काम करना चाहिए। चीन ने तमाम हालिया बयान में ये संकेत दिए हैं कि उसकी नजर में भारत और चीन के रिश्तों में कोई पेचीदगी नहीं है। सब कुछ सामान्य है और भारत अगर 'समान दिशा' में काम करे, तो बचे-खुचे सारे मसले दूर हो जाएंगे। यानी संबंध बेहतर करने की जिम्मेदारी वह भारत के पाले में डालता रहा है। तो उसकी अपेक्षाएं क्या हैं? संभवतः यही कि लद्दाख क्षेत्र में 2०2० से जो कुछ हुआ है, भारत उसे स्वीकार कर आगे बढ़े।

अब भारत की मुश्किल यह है कि



जयशंकर गाहे-बगाहे एलएसी की बात कहते हैं, लेकिन भारत सरकार का औपचारिक रुख अभी भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 19 जून 2०2० को दिया वह बयान ही है 'ना कोई घुसा, ना कोई घुसा हुआ है।' रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी कह चुके हैं कि भारत ने एक इंच भी जमीन नहीं गंवाई है। तो घूम-फिर कर सवाल भारत सरकार की रणनीति और उसके मकसद पर आ जाता है। जब तक दो टूक समस्या नहीं बताई जाएगी, आखिर यह संदेश कैसे जाएगा कि चीन ने लद्दाख क्षेत्र में जो कुछ किया है, वह दोस्ताना नहीं है। साथ ही उसके उस रुख रहते 'समान दिशा' कैसे ढूंढी जा सकेगी? दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि भारत का भी बहुत बड़ा जनमत यही मानता है कि वर्तमान सरकार के दौर में चीन ने भारतीय भूमि पर कोई कब्जा नहीं जमाया है। यही धारणा चीन को सारी जिम्मेदारी भारत के पाले में डालने का मौका देती है। और जब तक ये स्थिति है, किसी समान दिशा की तलाश नामुमकिन बनी रहेगी।(आरएनएस)

# बबिता जी इंटरनेट पर लगाई आग

टेलीविज़न के चर्चित कॉमेडी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा में बबीता जी की भूमिका निभाने वालीं अभिनेत्री मुनमुन दत्ता सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें और वीडियोज साझा करती हैं। मुनमुन की तस्वीरें और वीडियोज को प्रशंसक बहुत पसंद करते हैं तथा उन पर खूब प्यार लुटाते हैं। इस बीच मुनमुन का एक सिजलिंग वीडियो सामने आया है, जिसे प्रशंसक पसंद कर रहे हैं।

दरअसल, मुनमुन अक्सर इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें और वीडियोज साझा करती हैं, जिन में उनका ग्लैमरस अवतार दिखाई देता है। ऐसा ही कुछ उन्होंने एक बार फिर किया है। मुनमुन के नए वीडियो के आरम्भ में कपड़े, जूते और एससरीज दिखाई देती हैं और फिर उनको पहने हुए ही बहुत स्टाइलिश अंदाज में मुनमुन नजर आती हैं। मुनमुन किलर पोज देती दिखती हैं तथा फिर वीडियो खत्म। सोशल मीडिया यूजर्स और स्टार्स भी इस वीडियो को पसंद कर रहे हैं।

बता दें कि मुनमुन केवल प्रोफेशनली ही नहीं व्यक्तिगत कारणों के चलते भी खबरों में रहती हैं। कभी उनका नाम राज अनदकट संग जुड़ता है तो कभी जातिसूचक टिप्पणी करने को लेकर उनकी गिरफ्तारी होती है। हर बार मुनमुन आकर पूरी सच्चाई बताती हैं।

# सीएम धामी ने किया टू-लेन पुल का शुभारम्भ



हमारे संवाददाता

नैनीताल। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज फीता काटकर रानीबाग स्थित टू-लेन पुल का शुभारम्भ कर दिया है। आज से यह टू लेन पुल सार्वजनिक वाहनों के लिए खोल दिया गया है।

लोक निर्माण विभाग भवाली ने 7.14 करोड़ की लागत से रानीबाग में इस पुल का निर्माण किया है। बताया जा रहा है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा इस पुल का निर्माण हिलवेज कंस्ट्रक्शन कम्पनी से करवाया है जो 22 माह में बनकर तैयार हुआ है। हालांकि इस पुल को 18 माह में तैयार किया जाना था।

पुल के उद्घाटन के दौरान केन्द्रीय रक्षा एंव पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट, जिले की प्रभारी मंत्री रेखा आर्य, विधायक सरिता आर्य, राम सिंह कैड़ा सहित कई भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

## महिला अधिकारी से अभद्रता करने पर एक नामजद

संवाददाता

देहरादून। महिला अधिकारी से अभद्रता करने के मामले में पुलिस ने एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार निदेशक बागवानी मिशन राजकीय उद्यान सर्किट हाउस में कार्यरत महिला अधिकारी ने कैण्ट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि काठगोदाम हल्द्वानी निवासी दीपक करकेती उनके कार्यालय में आये और उनके साथ अभद्रता करने हुए सरकारी कार्य में बाधा पहुंचायी तथा उनके कंधे पर हाथ रखकर बतमीजी की गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## सोशल मीडिया पर भ्रांतियां फैलाने पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। होटल के खिलाफ सोशल मीडिया पर भ्रांतियां फैलाने पर पुलिस ने एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मसूरी के होटल मालिक विनीत अग्रवाल ने मसूरी थाने में रूपा पब्लिकेशन के मालिक दिव्यरूप भटनागर के खिलाफ मसूरी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि दिव्यरूप के द्वारा उनके होटल के खिलाफ सोशल मीडिया पर भ्रांतियां फैलायी जा रही है। जिससे उनको मानसिक परेशानी झेलनी पड रही है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## भर्ती घोटालों में उड़ाई नेताओं की..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

को संबंधित जिलों में भेजा जा चुका है इन आरोपियों की आर्थिक रूप से कमर तोड़ने की तैयारी चल रही है। इन आरोपियों से अब तक करीब एक करोड़ की बरामदगी हो चुकी है लेकिन यह मामला सैकड़ों करोड़ का है। वही दूसरी तरफ आयोग के अधिकारियों पर शिकंजा कसने की तैयारी चल रही है क्योंकि उनकी भूमिका भी संदिग्धता के दायरे में आ चुकी है।

## सिरफिरे आशिक ने की मां बेटी की...

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

शिबा को मौत के घाट उतारा उसके बाद घर में घुसकर उसकी मां की भी हत्या कर दी है। इस मामले में पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी सलमान ने मां और बेटी की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या करने की बात कबूल की है। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उसका कहना है कि प्रेस प्रसंग में धोखा खाने के कारण उसने वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने दोनो शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं मामले की जांच की जा रही है।

# रुद्रपुर ट्रांजिट कैंप घटना के बाद पुलिस का कबाड़ियों के खिलाफ अभियान शुरू



हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। रुद्रपुर ट्रैजिक कैंप में हुई घटना के बाद कबाड़ियों के खिलाफ पुलिस ने छापेमारी अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस ने कबाड़ियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए यातायात बाधित करने व सत्यापन नहीं कराने पर नगद जुर्माना वसूला है।

जानकारी के अनुसार रुद्रपुर ट्रांजिट कैंप में हुई घटना के बाद हरकत में आई पुलिस ने कबाड़ियों के खिलाफ छापेमारी अभियान शुरू कर दिया गया है। पुलिस ने कबाड़ का काम करने वाले व्यापारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि बिना अनुमति लाइसेंस के कबाड़ खाना चलाए जाने व किसी भी प्रकार का सिलेंडर पाये जाने पर कबाड़ व्यापारियों पर कारवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस की छापामारी के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमिता नहीं पाई गई। छापामारी के दौरान कबाड़ की दुकान पर सीसीटीवी नहीं होना व कबाड़ को सड़क तक फैलाकर यातायात बाधित करने व सत्यापन नहीं कराने पर आठ कबाड़ दुकानदारों का और चार कबाड़ियों का पुलिस अधिनियम के तहत कोर्ट चालान व एक हजार रुपए का नगद जुर्माना वसूला गया है। सीसीटीवी कैमरे लगाने व कबाड़ का क्रय विक्रय संबंधित रजिस्टर बनाने हेतु नोटिस दिए गए है। पुलिस की छापामारी के दौरान कबाड़ करने वाले व्यापारियों में हड़कंप मच गया।

## स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने स्मैक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहसपुर पुलिस ने सहारनपुर रोड पर पीर की मजार के पास एक मोटरसाईकिल सवार दो लोगों को रूकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देख भाग खडे हुए। पुलिस ने पीछा कर उनको थोडी दूरी पर ही रोक लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उनके कब्जे से साढे दस ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम इकबाल पुत्र नाजिम, अजमल पुत्र जाहिद हसन दोनों निवासी लक्ष्मीपुर सहसपुर बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## बकाया विद्युत बिलों पर पार्ट पेमेंट की व्यवस्था हो बहालः नेगी

नगर संवाददाता



विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं के बकाया बिलों पर पार्ट पेमेंट (आंशिक भुगतान) की व्यवस्था न होने के चलते उपभोक्ता बहुत परेशान हैं। विभाग उपभोक्ताओं से पूरी धनराशि जमा कराने की बात करता है तथा इसमें असफल होने पर उपभोक्ताओं के संयोजन काटे जा रहे हैं। उक्त मामले को लेकर मोर्चा अध्यक्ष द्वारा सचिव, ऊर्जा मीनाक्षी सुंदरम से फोन पर वार्ता कर उपभोक्ताओं की समस्या से अवगत कराया गया जिस पर श्री सुंदरम द्वारा समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया गया।

नेगी ने कहा कि पूर्व की व्यवस्थानुसार कई उपभोक्ता अपनी पारिवारिक परिस्थितियों/ बीमारियों एवं अपने कारोबार में मंदी के चलते समय पर बिल जमा नहीं करा पाते थे तो अपनी सुविधानुसार पार्ट पेमेंट 50-60-70 फीसदी पैसा जमा कर कुछ दिन की राहत मिल जाती थी तथा आंशिक भुगतान के जरिए विभाग के पास काफी रकम इकट्ठा हो जाती थी, लेकिन रोक लगने के चलते उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मोर्चा को भरोसा है कि उपभोक्ताओं को शीघ्र ही राहत मिल जाएगी।

# यूपीसीएल जेई भर्ती घोटाले की एसटीएफ से जांच कराने की मांग

नगर संवाददाता

देहरादून। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लोक सेवा आयोग, विधानसभा सचिवालय, सहकारिता विभाग के बाद अब देहरादून महानगर कांग्रेस द्वारा उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि. में हुई जे.ई. भर्ती घोटाले की एसटीएफ से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को लिखे पत्र में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा है कि भाजपा सरकार में उत्तराखण्ड राज्य में भर्ती घोटालों की बाढ जैसी आई हुई है। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, विधानसभा सचिवालय, न्यायिक सेवा, सहकारिता विभाग, उच्च शिक्षा विभाग के बाद उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि. में हुई जे.ई. भर्ती घोटाले की खबरों से पूरा प्रदेश शर्मशार हो गया है। विभिन्न भर्तियों में हुए घोटालों में कई संलिप्तों की गिरफ्तारियों से प्रदेश की जनता आहत हुई है तथा जनता में भारी आक्रोष व्याप्त है।

उन्होने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की उत्तराखण्ड राज्य को भय एवं भ्रष्टाचार मुक्त तथा पारदर्शी शासन देने की घोषणा मात्र चुनावी घोषणा हो कर रह गई है। राज्य अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, विधानसभा सचिवालय, न्यायिक सेवा, सहकारिता विभाग, उच्च शिक्षा विभाग के बाद अब उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि. में हुई जे.ई. भर्ती घोटाले का खुलासा हुआ है जिसकी निष्पक्ष जांच कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होने कहा कि यूपीसीएल के एमडी अनिल यादव पर पूर्व में भी भ्रष्टाचार के गम्भीर आरोप लगे हैं इसलिए यूपीसीएल में हुई जे.ई. भर्ती की निष्पक्ष जांच हो इसके लिए आवश्यक है कि अनिल यादव को उनके पद से तुरन्त हटाया जाय क्योंकि अनिल यादव के पद पर रहते हुए निष्पक्ष जांच की उम्मीद करना व्यर्थ है। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि. (यूपीसीएल) में जे.ई. पदों पर हुई भर्ती की एसटीएफ से निष्पक्ष जांच कराई जाय तथा जांच से पूर्व यूपीसीएल के एमडी अनिल यादव को उनके पद से हटाया जाय।




## एक नजर

# पुर्तगाल की स्वास्थ्य मंत्री ने गर्भवती भारतीय महिला की मौत के बाद दिया इस्तीफा

नई दिल्ली । पुर्तगाल में गर्भवती भारतीय महिला को देश के एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल में भेजे जाने और इस दौरान उसका निधन होने की दुखद घटना के बाद देश की स्वास्थ्य मंत्री मार्टा टेमिडो ने पद से इस्तीफा दे दिया है। अधिकारियों ने इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं। घटना के अनुसार 34 वर्षीय भारतीय महिला को सैंटा मारिया अस्पताल से एंबुलेंस से एक अन्य



अस्पताल ले जाया जा रहा था और इसी दौरान उसे दिल का दौरा पड़ा। सैंटा मारिया अस्पताल में नवजात देखभाल नियोनेटलॉजी) सेवा में जगह नहीं थी जिसके कारण उसे दूसरे अस्पताल ले जाया जा रहा था। इस वर्ष कई ऐसी घटनाएं हुई हैं जिनके लिए आलोचकों ने देश भर में अस्पतालों में नवजात देखभाल इकाइयों में कर्मचारियों की घोर कमी को जिम्मेदार ठहराया है। टेमिडो 2018 से स्वास्थ्य मंत्री का पद संभाल रही थीं और देश में कोरोना वायरस संक्रमण के दौरान हालात को बेहतर तरीके से संभालने का श्रेय उन्हें दिया जाता है लेकिन मंगलवार को सरकार ने एक बयान जारी करके कहा कि टेमिडो ने यह महसूस किया है कि वह अब इस पद पर बनी नहीं रह सकतीं।

# झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन दे सकते हैं अपने पद से इस्तीफा

नई दिल्ली । झारखंड में सियासी हलचल तेज हो गई है। बताया जा रहा है कि सीएम हेमंत सोरेन अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। गवर्नर से मिलने के लिए उन्होंने समय मांगा था। लेकिन राजभवन से समय नहीं मिला। सोरेन के कार्यकाल के दौरान उनके नाम से रांची में खनन पट्टा आवंटित करने के मामले में उनकी विधानसभा सदस्यता को लेकर निर्वाचन आयोग की राय बंद लिफाफे में झारखंड के राजभवन गुरुवार को पहुंच गई। अब राज्यपाल



रमेश बैस के फैसले का इंतजार है। राजभवन से इस सिलसिले में कोई निर्देश जल्द ही आने की संभावना है। बता दें कि झामुमो के विधायक इस समय रायपुर में हैं। अटकलों के बीच सीएम हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को दावा किया था कि शैतानी ताकतें उनकी लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि वह अपने खून की आखिरी बूंद तक लड़ेंगे।

# भगवान गणेश का आशीर्वाद लेने बहन अर्पिता के घर गए सलमान

मुम्बई । अभिनेता सलमान खान बुधवार शाम को भगवान गणेश का आशीर्वाद लेने मुंबई स्थित अपनी बहन अर्पिता खान के घर गए। हर साल की तरह गणेश चतुर्थी के मौके पर सलमान खान ने भगवान गणेश से आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर वह व्हाइट शर्ट-ब्लू डेनिम लुक में नजर आए। एक्टर इस त्योहार को बहुत प्यार और भव्यता के साथ मनाते हैं। हर साल वह भगवान गणपति को अपने घर लाते हैं लेकिन यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि वह इस



साल अपने घर गैलेक्सी अपार्टमेंट में उत्सव मनाएंगे या नहीं। सलमान से पहले एक्ट्रेस कटरीना कैफ,जो सलमान की बहन अर्पिता की काफी करीबी मानी जाती हैं, उनसे मिलने गईं और भगवान को प्रणाम किया। इतना ही नहीं, कटरीना के साथ उनके पति विक्की कौशल ने भी अर्पिता के घर के बाहर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर विक्की और कैट पीले रंग के अलग-अलग शेड्स पहने नजर आए। जहां कटरीना लाइम-पीले रंग का शरारा में खूबसूरत लग रही थीं, वहीं विक्की गहरे रंग का कुर्ता पहने हुए थे। इसके अलावा सलमान और अर्पिता के भाई सोहेल को भी घर के बाहर देखा गया था। इस खास मौके पर रितेश देशमुख और जेनेलिया डिसूजा अर्पिता खान से मिलने पहुँची। उनके साथ उनके छोटे बच्चे-रियान और राहिल देशमुख भी थे।

## सीएम ने खटीमा के शहीदों को किए श्रद्धासुमन अर्पित

# भ्रष्टाचार पर कोई समझौता नहीं: धामी





कार्यालय संवाददाता

खटीमा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा में शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीद राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में शहीद राज्य आंदोलनकारियों के परिजनों को सम्मानित भी किया।

खटीमा में उत्तराखण्ड आन्दोलन के दौरान शहीद आन्दोलनकारियों की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीदों के परिजनों को सम्मानित कर वे स्वयं को गौरान्वित महसूस कर रहे हैं। शहीदों ने इस राज्य हेतु मां की ममता, बहन की राखी परिवार का सुख-दुख छोड़ हंसते-हंसते प्राणों को न्यौछावर कर दिया। उन्होंने कहा शहीदों का स्मरण करना हम सभी के लिए अत्यधिक गर्व के क्षण होते हैं, आने वाले पीढ़ी हमारे शहीदों के संघर्ष को ना भूले इसके लिए शहीदों से जुड़े कार्यक्रम हर वर्ष मनाएं जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शहीद आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप समृद्ध और प्रगतिशील उत्तराखंड बनाने के लिए संकल्पबद्ध है एवं शहीदों के सपनों को आगे बढ़ाने हेतु प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संपूर्ण देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है, जिसके तहत 60 हजार से ज्यादा कार्यक्रम हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रध ानमंत्री के नेतृत्व में सड़क, रेल, हवाई कनेक्टिविटी पर तेज गति के साथ कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा राज्य सरकार पारदर्शिता के साथ विकल्प रहित संकल्प के साथ कार्य कर रही है। सरलीकरण, समाधान एवं निस्तारीकरण हमारी सरकार का मूल मंत्र है। भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिये 1064 शुरू की गई है। सचिवालय में सोमवार को नो मीटिंग डे रखा गया है ताकि शासन के अधिकारी लोगों से मिलने के लिये उपलब्ध रहें। जिला स्तरीय अधिकारियों को भी निर्देश दिये गये हैं कि वे सोमवार से शुक्रवार तक प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक अपने कार्यालयों में आम जनता से मिलने के लिये उपलब्ध रहेंगे, अधिकारी व कर्मचारी समय पर कार्यालय आएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जो घोषणा करेगी उस घोषणा का लोकार्पण भी करेगी। उन्होंने कहा खटीमा में सीएसडी कैंटीन, रोडवेज बस स्टेशन का निर्माण कार्य (गतिमान), खटीमा की सड़कों में डामरीकरण, खटीमा बाईपास का निर्माण, शारदा घाट, स्नान घाट, क्रोकोडाइल पार्क जैसे तमाम कार्य किए गए हैं, एवं कई अन्य योजनाएं गतिमान है।

केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने शहीदो को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि शासन-प्रशासन, मंत्रिमंडल एवं संगठन जनता सभी शहीदों के परिवारों के साथ खड़ी है। शहीदों के परिवारों का दुख हम सभी का दुख है। उन्होंने कहा कि शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए सभी को एकजुट होकर चहुमुखी विकास के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। राज्य आंदोलनकारी शहीदों के बल पर ही राज्य का गठन हो पाया है। जिन शहीदों के बल पर राज्य का निर्माण हुआ है उन शहीदों को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। इस दौरान अध्यक्ष वन विकास निगम कैलाश गहतोड़ी, विध ायक शिव अरोड़ा, राज्य आंदोलनकारी काशी सिंह ऐरी, दान सिंह रावत, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, एसएसपी मंजूनाथ टीसी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# कार खाई में गिरी, तीन की मौत



हमारे संवाददाता

देहरादून। कालसी क्षेत्र में एक कार के खाई में गिर जाने से तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना मिलने पर एसडीआरएफ ने मौके पर पहुंच कर मृतकों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मृतकों में से दो की शिनाख्त की जा चुकी है जबकि तीसरे शिनाख्त होना बाकी है।

जानकारी के अनुसार थाना कालसी द्वारा एसडीआरएफ को सूचना दी गयी कि कालसी कोठी इच्छाड़ी में एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी है।

सूचना पर कार्यवाही करते हुए एसडीआरएफ टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू अभियान चलाया गया। कार से तीन शव निकालने के बाद एसडीआरएफ टीम द्वारा उन्हे पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया गया। जिनकी पहचान दिलशाद पुत्र इब्राहिम निवासी हिमाचल व पमिश पुत्र रामानंद निवासी हिमाचल के रूप में हुई है। फिलहाल तीसरे व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो पायी है जिसके प्रयास जारी है।

# सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने कार्यभार ग्रहण किया

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। नवनियुक्त महानिदेशक, सूचना बंशीधर तिवारी ने गुरूवार को सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग में विधिवत कार्यभार ग्रहण किया।

सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने कहा कि सरकार की योजनाओं और नीतियों को जनमानस तक पहुंचाने के लिए सूचना विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मीडिया के साथ बेहतर समन्वय के साथ नवीन तकनीक के उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाये। सरकार की योजनाओं की जानकारी आम जन को सुलभता से मिले इसके लिए विभिन्न प्रचार माध्यमों का प्रयोग किया जाये।

सूचना महानिदेशक ने कहा कि सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाये। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों को मीडिया से बेहतर समन्वय कर जनमानस तक पहुंचाया जाये। उन्होंने कहा कि जिला सूचना कार्यालयों के सुदृढ़ीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जाये, ताकि प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में सरकार की योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार एवं प्रसार हो सके। कार्यभार ग्रहण करने के बाद बंशीधर तिवारी विभागीय कार्यों की जानकारी ली।



इस अवसर पर अपर निदेशक डॉ. अनिल चंदोला, संयुक्त निदेशक आशिष त्रिपाठी, उप निदेशक मनोज कुमार श्रीवास्तव, उप निदेशक रवि बिजारनियां एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकारः
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*